# अंधे हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार




**धूमा, देशबन्धु ।** धूमा पुलिस की यह तेज़तर्रार कार्रवाई एक बार फिर यह साबित करती है कि कानून के हाथ लंबे हैं और अपराध करने वाले बच नहीं सकते।

**लाश मिलने से मचा हड़कंप –** घटना की शुरुआत 3 दिन पहले उस समय हुई जब ग्राम धारपाठा स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास एक अज्ञात युवक की लाश मिली। सूचना मिलते ही धूमा पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। शव की पहचान देवसिंह पिता स्व. दयालसिंह पन्द्रे, उम्र 27 वर्ष, निवासी परतापुर के रूप में हुई।

मृतक की मां रतिया बाई ने बताया कि उनका बेटा अपनी पत्नी से मिलने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन अगली सुबह उसकी लाश मिलने की सूचना मिली। उन्होंने अपने बेटे की हत्या की आशंका जताते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

**पुलिस की तेज़ कार्रवाई –** पुलिस अधीक्षकसुनील मेहता के सख्त निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा तथा लखनादौन एसडीओपी श्री अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में धूमा पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की। टीम ने तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर तंत्र और सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की तलाश शुरू की।

**हत्या का चौंकाने वाला खुलासा –** जांच में सामने आया कि मृतक देवसिंह की हत्या उसके चचेरे भाई गनेशा पन्द्रे और चाचा के दामाद सुखचन्द इनवाती ने मिलकर की। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि लंबे समय से चल रहे पारिवारिक जमीन विवाद के चलते उन्होंने यह साजिश रची। घ

टना वाले दिन वे देवसिंह को बहाने से धूमा लाए, अत्यधिक शराब पिलाई और फिर यात्री प्रतीक्षालय के पीछे रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

**गिरफ्तार आरोपी –** गनेशा पिता जवाहर पन्द्रे (उम्र 32), निवासी परतापुर सुखचन्द पिता अन्नीलाल इनवाती (उम्र 36), निवासी केरपानी पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

**पुलिस टीम का सराहनीय योगदान –** इस पूरे ऑपरेशन में धूमा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शत्रुधन पटले के नेतृत्व में सउनि सौरभ शर्मा, सउनि आर. पी. सिंह, सउनि जयराम ठाकुर, आरक्षक रवि यादव, नेकसिंह उइके, जितेन्द्र सोनी, सतीश ठाकुर, अरुण पटेल, राजेश साहू तथा साइबर सेल से सउनि देवेन्द्र जायसवाल और आरक्षक अजय बघेल की भूमिका सराहनीय रही ।

सिवनी पुलिस द्वारा दिखाई गई तत्परता और तकनीकी दक्षता एक मिसाल है, जिससे आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ हैं ।

## मूर्ति अनावरण समारोह में विधायक ने की सहभागिता



**सिवनी, देशबन्धु ।** आज 6 जून को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन भारत माता मूर्ति अनावरण समारोह में सहभागिता किया।

प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी द्वारा परिसर में आयोजित भारत माता प्रतिमा अनावरण समारोह में विधायक ने अतिथि के रूप मे सहभागिता किया। जिसका प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्चुअल माध्यम से अनावरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम मे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कालेज अजय पांडे एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्यों द्वारा विधायक सहित जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन , जिला पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता एवं नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया का स्मृति चिन्ह, शाल, श्रीफल भेंटकर पुष्प गुच्छ से अतिथि सत्कार किया गया। इस दौरान श्री राय के द्वारा भारत माता की श्रद्धापूर्वक आरती की गयी।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं, महाविद्यालय परिवार के सदस्यों, छात्र-छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

## पशुओं संबंधी घटनाओं के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**सिवनी, देशबन्धु ।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिवनी द्वारा अति वृष्टि एवं बाढ की स्थिति में पशुओं संबंधी घटनाओं की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय पशु चिकित्सकों के दल का गठन किया गया है। जिसमें जिला स्तरीय एवं विकासखंड सिवनी अंतर्गत डॉ. जे.बी. जैन मो.नं. 9425898863 को, विकासखंड कुरई अंतर्गत डॉ. अमित रैकवार मो.नं. 9425857261, विकासखंड केवलारी अंतर्गत डॉ. बादल पटले मो. 9424742148, विकासखंड बरघाट अंतर्गत डॉ. आर.एस. शरणागत मो. नं. 9993965410, विकासखंड छपारा अंतर्गत डॉ. शीतल गौतम मो.नं.9424919981, विकासखंड घंसौर अंतर्गत डॉ. सत्येन्द्र कुशराम मो.नं. 8462020323 एवं विकासखंड धनौरा अंतर्गत डॉ. रविन्द्र नर्रे मो.नं. 8319343441 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### सार-समाचार

## किसानों की समस्याओं का हुआ निराकरण

**चौरई, देशबन्धु ।** आज विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत बादगांव विकास खंड चौरई में कृषि विभाग एवं छिंदवाड़ा जिला से वैज्ञानिक दल एवं पशुपालन विभाग से अधिकारी उपस्थित हुए एवं उपस्थित कृषकों को कृषि में उन्नत तकनीकी के बारे में चर्चा की गई । उपस्थित किसानों द्वारा जो समस्या बताई गई उसका निराकरण भी वैज्ञानिक दल द्वारा बताया गया । उक्त कार्यक्रम में नोडल अधिकारी पशुपालन विभाग से डॉक्टर पक्षवार साहब, उपसंचालक पशुपालन विभाग छिंदवाड़ा , कृषि विज्ञान केंद्र से डॉक्टर अलावा जी ,डॉक्टर सरिता सिंह मैडम एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री उमेश पाटील (कृषि विभाग) सहित अन्य कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

## धान में स्टेम बोरर्स से निपटने के लिए बेयर ने लॉन्च किया बीकोटा

**सिवनी, देशबन्धु ।** कृषि एवं स्वास्थ्य से संबंधित लाइफ साइंस के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक कंपनी बेयर ने बीकोटा को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह विशेष रूप से स्टेम बोरर कीट से निपटने में धान के किसानों की मदद के लिए तैयार किया गया प्रोडक्ट है। इन हानिकारक कीटों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बीकोटा में बेयर के एक्सक्लूसिव इनोवेशन को शामिल किया गया है। बीकोटा को जून, 2025 से पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत सभी धान उत्पादक राज्यों में उपलब्ध कराया जाएगा। लॉन्चिंग के मौके पर मोहन बाबू, (क्लस्टर कमर्शियल लीड भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका, क्रॉप साइंस डिवीजन, बेयर) ने कहा बेयर अपने इनोवेशन के माध्यम से किसानों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रयासरत है। बीकोटा के माध्यम से हम न केवल चाहते हैं कि धान के किसानों की फसल सुरक्षित रहे, बल्कि समय एवं श्रम की लागत भी कम हो और उन्हें उपज व आय बढ़ाने में मदद मिले।




स्टेम बोरर्स से धान की फसल को बहुत नुकसान होता है, जिससे उपज कम होती है। बीकोटा तेजी से काम करते हुए इन कीटों का आहार रोक देता है और स्थायी सुरक्षा प्रदान करता है। एक बार प्रयोग करके किसान बाजार में उपलब्ध अन्य समाधानों की तुलना में लम्बे समय तक तक फसलों की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह जड़ो एवं पूरे पौधे के विकास में भी सहयोग करता है, जिससे फसल की सेहत ठीक रहती है है। यह ज्यादा उपज सुनिश्चित करने के साथ-साथ बदलते मौसम में स्टेम बोरर्स की चुनौती को दूर करता है। बीकोटा प्रयोग की दृष्टि से सुरक्षित है और फायदेमंद कीटों के लिए भी सुरक्षित है। यही बात इसे किसानों के लिए पसंदीदा विकल्प बनाती है और इसे इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट (आईपीएम) प्रैक्टिस के लिए उपयुक्त बनाती है। अपने ग्रेन्युलर फॉर्मूलेशन के कारण यह प्रयोग में आसान है। इससे किसान आसानी से और तेजी से खेत में इसका छिड़काव कर पाते हैं।

## किसानों के साथ न्याय होना चाहिए, धोखा नहीं : विजय चौरे



**सौसर, देशबन्धु ।** नगर सौसर स्थित तहसील कार्यालय के सामने दिन गुरुवार को मध्यप्रदेश शासन की किसान, जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध एवं समर्थन मूल्य पर मूंग,तुअर,मुंगफल्ली की खरीदी एवं अन्य आवश्यक मांगो के संबंध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौसर के तत्वावधान आयोजित एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन कर सौसर क्षेत्र के किसानों की ज्वलंत समस्यायों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सौसर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गयी कि समर्थन मूल्य पर मूंग की तत्काल खरीदी की जाएं एवं बारिश के कारण मूंग की फसल बर्बाद हुई है उसका सर्वे कर शीघ्रता शीघ्र समस्त किसानों को मुआवजा दिया जाएं।

तुअर के गलत सर्वे के कारण उत्पादन कम दिखाया गया उत्पादित तुअर की भी खरीदी की जाएं।

संपूर्ण क्षेत्र में बिजली कटौती एवं ट्रिपिंग हो रही हैं उसे तत्काल बंद किया जाएं एवं 3 एचपी के जगह 5 एचपी का बिल दिया जा रहा हैं उसे वापस लिया जाएं।

किसानों को सेवा सहकारी समिति के माध्यम से पर्याप्त खाद की उपलब्धता की जाएं एवं अवैध खाद बिक्री बंद की जाएं।

गौवंश की तस्करी बंद कर इसमें संलग्न आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएं। सम्पूर्ण ब्लॉक के अवैध धंधे बंद किए जाएं जगह-जगह सट्टा चलाया जा रहा हैं तुरंत बंद किया जाएं।

मुंगफल्ली की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाएं बारिश के कारण मुंगफल्ली की फसल बर्बाद हुई है उसका सर्वे कर मुआवजा दिया जाएं।

विधायक विजय चौरे ने अपने संबोधन में कहा कि किसानों के साथ न्याय होना चाहिए धोखा नहीं आज हर आदमी परेशान है,पीड़ित है एसडीएम आश्वासन दे कि जो भी सर्वेयर हैं जिन्होंने गलत तरीके से सर्वे किया हैं तुवर कम दर्शायी गई है ऐसे अधिकारी कर्मचारियों को निलंबित करेंगे तथा उपरोक्त समस्यायों के समाधान न होने पर उग्र आंदोलन एवं चक्का जाम की चेतावनी दी।

किसानों के समर्थन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौसर द्वारा आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में विधायक विजय चौरे, गंगा प्रसाद तिवारी, भागवत महाजन, डॉ.राजेंद्र येमदे, पुनाराम बाविस्टाले, नीलिमा नरेंद्र पाटिल, सतीश बोड़खे, चंद्रशेखर गुर्वे, लक्ष्मण वाठ, प्रशांत महाले, टेकचंद बोरकर, गोपाल कामोने, जन प्रतिनिधि, समस्त वरिष्ठ पदाधिकारीगण, समस्त क्षेत्रीय अध्यक्ष सदस्यगण एवं किसान, क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**छपारा, देशबन्धु ।** आगामी बकरीद त्योहार के चलते गुरुवार 5 जून को छपारा थाना परिसर में शाम चार बजे के आसपास शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। यह पहल शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने के उद्देश्य से की गई, थाना प्रभारी द्वारा सभी के साथ सीधा संवाद किया और सभी को त्योहार को शांतिपूर्वक और भाईचारे के साथ मनाने की हिदायत दी। साथ ही पूर्व में थाना क्षेत्र अंतर्गत गांवों में भी जन संवाद कार्यक्रम के दौरान बैठक संपन्न की गई।

विशेष रूप से गोवंश से संबंधित किसी भी प्रकार के अपराध को रोकने पर जोर दिया गया । पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति ऐसे किसी अपराध में लिप्त पाया जाता है या उसे करने का प्रयास करता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। पुलिस अधीक्षक ने गौवंश से संबंधित अपराधों के बारे में गोपनीय सूचना देने पर 5000 रुपये पुरस्कार देने की घोषणा भी की है। इस कदम का उद्देश्य अपराधों पर अंकुश लगाना और जनसामान्य में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। गुरुवार को की गई इस बैठक में छपारा तहसीलदार ज्योति ठोके थाना प्रभारी खेमेंद्र जैतवार व गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में उक्त मीटिंग का आयोजन किया गया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने विश्व पर्यावरण दिवस पर रोपे पौधे



**छपारा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी मंडल छपारा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम शासकीय आईटीआई कॉलेज छपारा में संपन्न हुआ। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सौरभ सिसोदिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम संयोजक व नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह व कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती निशा सुरेश पटेल नगर परिषद अध्यक्ष की विशेष उपस्थिति पर एवं मंडल महामंत्री राघवेंद्र पाठक के विशेष मार्गदर्शन में प्रकृति संपदा को बचाए रखने हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम शासकीय आईटीआई कॉलेज छपारा में संपन्न हुआ।

जिसमें किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष श्री सोहन कश्यप जी,पार्षद व सभापति धर्मेंद्र जैन, चेतराम डेहरिया, प्रशांत सिंह, ललित सोनी, विकास सैयाम सहित शासकीय कॉलेज के विद्यार्थी व स्टॉफगण सम्मिलित रहे।

## नए सागौन के जंगल वन विभाग के अधिकारियों की मेहनत का परिणाम

**छपारा, देशबन्धु ।** वन परिक्षेत्र छपारा के अंतर्गत सहायक परिक्षेत्र बकोंड़ा सिवनी के ग्राम बरसला के जंगल में सागोन के वृक्षों का रोपण की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है हजारों गड्ढे जंगल में कर दिए हैं और सागोन के पोंधै भी स्थल पर पहुंच गए हैं। एक-दो दिनों में वृक्षारोपण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा पूर्व में किए गए वृक्ष रोपण के जंगल तैयार हो चुके हैं वन विभाग द्वारा कई वर्षों से लगातार जंगलों में वृक्षारोपण किया जा रहा है जिससे सैकड़ो जंगल क्षेत्र में तैयार हो चुके ऊर्जा संरक्षण के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध वन विभाग द्वारा सराहनीय कार्य है। ऐसे अधिकारी जो इमानदारी से अपने क्षेत्र में जंगलों में रहकर पर्यावरण के प्रति ईमानदारी से कम कर रहे हैं उन्हें समय पर प्रोत्साहन करना चाहिए।



## दैनिक राशिफल

**शनिवार 07 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। जेष्ठ शुक्ल पक्ष की द्वादशी नक्षत्र-चित्रा।**

मेष - आज भाग्य आपके साथ है, इसलिए आज आप समाज और लोगों से सम्मान प्राप्त कर सकेंगे। आपका वैवाहिक और पारिवारिक जीवन संतुष्ट और सुखी रहेगा। आप मित्रों के साथ मौज-मस्ती और रोमांस का आनंद ले सकेंगे।

वृषभ - आज आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना पड़ेगा। किसी की हंसी उड़ाने से आप परेशान होंगे। गलतफहमी पैदा हो सकती है। मनोरंजन और मौज-शौक के पीछे खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा।

मिथुन - आज का दिन शुभ फलदायी और लाभकारी है। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। पत्नी के पीछे खर्च होगा। अविवाहित लोगों का रिश्ता पक्का हो सकता है। व्यापार एवं नौकरी में आय बढ़ेगी।

कर्क - शारीरिक- मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दु:ख होगा।

सिंह - आज आपका शरीर और मन प्रसन्न रहेगा। भाई-बंधुओं के साथ का समय अधिक आत्मीयतापूर्ण रहेगा। मित्रों और संबंधियों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं। प्रिय व्यक्ति के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत कर सकेंगे।

कन्या - आज आपके परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी और परिजनों के साथ आनंद मना सकेंगे। आज आपकी वाणी से लोग प्रभावित होंगे। प्रवास की संभावना है। मिष्ठान्न का आनंद पा सकेंगे। आयात- निर्यात के व्यवसाय में लाभ होगा।

तुला - अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

वृश्चिक - आज मौज-शौक और मनोरंजन के पीछे पैसे खर्च करेंगे। आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रहा करेगा। आपके साथ दुर्घटना होने की संभावना है, इसलिए संभलकर चलने की सलाह दी जाती है।

धनु - आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे।

मकर - आपको बिजनेस में लाभ होने की संभावना है। आर्थिक और प्रवास की योजना बनाने की दृष्टि से भी अच्छा है। सरकारी कामकाज सरलता से पूरे होंगे। अधिकारी आपके काम से बेहद खुश होंगे।

कुंभ - आज आपका शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा न होने पर भी आप मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आज काम करने का आपका मन नहीं होगा। नौकरी में उच्च पदाधिकारियों से सावधान रहना आवश्यक है।

मीन - स्वास्थ्य के विषय में आपको सजग रहना पड़ेगा। बीमारी के कारण खर्च में वृद्धि होगी। काम में थोड़ी कठिनाई आ सकती है। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद और मनमुटाव हो सकता है।

# वृक्षों का मनाया जन्मोत्सव और नये पौधे का किया रोपण



**सौसर, देशबन्धु ।** सामाजिक नवांकुर संस्था युथ ऑफ़ सौसर असोसिएशन के द्वारा म.प्र.जन अभियान परिषद वि.खं. सौसर जिला छिंदवाड़ा जिला समन्वयक अखिलेश जैन वि.खं. समन्वयक अनिल बोबडे के निर्देशानुसार नवांकुर संस्था युथ ऑफ सौसर असोसिएशन के मार्गदर्शन में सौसर नगर के वार्ड नंबर दस कडू कॉलोनी में नवांकुर संस्था के योगेश सोमकुंवर गोपाल कोठे परामर्शदाता दिनेश सोमकुंवर एवं उपस्थित वार्ड के गणमान्य निवासियों के द्वारा सर्वप्रथम वृक्षारोपण के स्थान की साफ सफाई की गई एवं वृक्ष की पूजा अर्चना कर विश्व पर्यावरण दिवस को वृक्ष जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया साथ ही बताया गया कि सात वर्ष करंजी के पौधे को आरोपित करके पिछले सात वर्षों से वृक्षों का संरक्षण कर अब यहां पौधा बड़े वृक्ष के रूप में विकसित होकर 7 वर्ष के पूर्ण हो गए हैं जिसका आठवां जन्म दिवस आज मनाया गया ।

उसके पश्चात परिसर में पारिजात के वृक्ष का रोपण किया गया एवं उपस्थित नागरिकों को वृक्ष रोपण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ परामर्शदाता दिनेश सोमकुंवर द्वारा दिलाई गई ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुखदेव पाटिल वृक्ष मित्र अरुण ठाकरे, युवराज हिगवे, केशव शांडिल, अशोक लिखारे, दशरथ कोठे, सुरेश ठाकरे, विवेक वाडेकर, नरेन्द पाटिल, रविकांत कोठे, योगेश्वर साहनी, वेदांत कोठे मंथन चौधरी,वेदिका कोठे, उपस्थित थे और वार्ड वासियों वृक्ष का जन्मोत्सव मना कर नई पहल की शुरुआत की गई ।

## पौधरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**सौसर, देशबन्धु ।** नगर के वृक्ष मित्र अरुण गुरुजी ठाकरे व उनके सहयोगी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर सौसर नगर के वार्ड नंबर 11 में स्थित अन्नाभाऊ साठे भवन के खुले के परिसर में धरती को हरा भरा करने के लिए वट वृक्ष का वृक्षारोपण कर मनाया गया ।

इस अवसर पर सुरेश ठाकरे द्वारा पर्यावरण के महत्व को व उसके संरक्षण के बारे में बताया गया व बताया गया कि दो वृक्ष अपने जीवन में अवश्य लगाये। इस वृक्ष की सुरक्षा का संकल्प मदन चावके ने लिया । इस कार्यक्रम के अवसर पर युवराज हिंगवे , मदन चावके , सुरेश ठाकरे ,गोपाल कोठे, रवि कोठे, अमोल बोबडे, वेदांत कोठे, कुमारी वेदिका कोठे व अन्य उपस्थित थे।